# क्यों डरूं जब हाथ मेरा श्याम के हाथों में है भजन लिरिक्स

भक्तो की बिगड़ी बनाना,
श्याम के हाथों में है,
क्यों डरूं जब हाथ मेरा,
श्याम के हाथों में है।bd।

तर्ज – हर करम अपना करेंगे।

---

तेरी नैया तू ही खिवैया,
तू ही पालनहार है,
बेफिक्र हूँ मैं मौज में,
तू जो तारणहार है,
अब डुबोना या बचाना,
श्याम के हाथों में है,
क्यों डरूँ जब हाथ मेरा,
श्याम के हाथों में है।bd।

---

खेल डाले दाव सारे,
मैंने तेरे नाम पे,
है यकीं पूरा मुझे तो,
खाटू वाले श्याम पे,
हारी बाजी को जिताना,
श्याम के हाथों में है,
क्यों डरूँ जब हाथ मेरा,
श्याम के हाथों में है।bd।

---

है नहीं चाहत 'सचिन' की,
मतलबी संसार से,
जो भी माँगा पा लिया है,
श्याम के दरबार से,
मेरी खुशियों का खजाना,
Bhajan Diary Lyrics,
श्याम के हाथों में है,
क्यों डरूँ जब हाथ मेरा,
श्याम के हाथों में है।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भक्तो की बिगड़ी बनाना,
श्याम के हाथों में है,
क्यों डरूं जब हाथ मेरा,
श्याम के हाथों में है।bd।

Singer – Raju Mahraj Pagal

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com